**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 17.12.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–वर्ष 2027 तक पूरे राज्य में कृषि और उद्योगों को दिन में भी बिजली दी जाएगी।**
- **प्रदेश में पिछले दो साल में 7 हज़ार 900 से अधिक गांवों को जल जीवन मिशन से जोड़ा गया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत और इथियोपिया अधिक न्यायपूर्ण, समानतापूर्ण और शांतिपूर्ण विश्व के लिए मिलकर काम करेंगे।**
- **संसद ने निरस्तीकरण और संशोधन विधेयक, 2025 पारित किया।**

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जालोर जिले के आहोर में 338 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार वादे के मुताबिक पांच साल में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को बिना चिंता किये तैयारी करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी के साथ युवाओं को स्वरोजगार के लिए भी प्रयास करने चाहिए। सरकार की मंशा हैं की युवा नौकरी मांगने के बजाए नौकरी देने वाले बने।

...............

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दो साल में हर क्षेत्र में काम किया है। 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन में उल्लेखनीय बृद्धि हुई है 2027 तक सभी जिलों में किसानों और उद्योगों को दिन में बिजली दी जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले दो साल में कांग्रेस सरकार के पांच साल के मुकाबले ज्यादा काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण और शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया और लाभार्थियों को पट्टे दिये और गोपाल क्रेडिट योजना सहित विभिन्न योजनाओं के चेक और प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने दिव्यांगजनों को स्कूटी भी वितरित की। श्री शर्मा ने लोकतंत्र सेनानियों से मुलाकात की।

000

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा है कि जल जीवन मिशन में पिछले दो साल में 7 हज़ार 900 से अधिक गांवों को जोड़ा गया है। श्री चौधरी आज जयपुर में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में अपने विभाग में पिछले दो साल में हुये कामों की जानकारी दे रहे थे। श्री चौधरी ने बताया कि पिछली सरकार के समय केवल 11 लाख नल कनेक्शन हो पाए और करीब 3 हज़ार 900 करोड़ रुपये खर्च किये गए। लेकिन उनकी सरकार के आने के बाद इस योजना पर 5 हज़ार 300 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं।

...............

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि 'अमृत 2' योजना के तहत नगर निकायों में तेजी से काम किया जा रहा है। श्री रावत ने भी अपने विभाग में हुए कामों की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के रवैये के कारण ईआरसीपी योजना लटकी रही. लेकिन मुख्यमंत्री भजन लाल के प्रयासों से मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार के साथ समझौता हुआ और 9 हज़ार 600 करोड़ के वर्कऑर्डर जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी तक यमुना का पानी लाने के प्रयास भी वर्तमान सरकार ने किए और जल्द ही इसकी डीपीआर तैयार होने वाली है

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एसआईटी ने जल जीवन मिशन घोटाले में पांच आरोपियों को आज गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में फर्मों के संचालक और विभाग के तत्कालीन लेखाधिकारी शामिल हैं। इन पर विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर करोड़ों रुपये के टेंडर लेने और घटिया कार्य कर राजकोष को हानि पहुँचाने का आरोप है। इस मामले में छह गिरफ्तारियां पहले ही हो चुकी हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और इथियोपिया एक परिवार के सदस्य के रूप में साथ खड़े हैं और अधिक न्यायपूर्ण, समानतापूर्ण और शांतिपूर्ण विश्व के लिए मिलकर काम करेंगे। प्रधानमंत्री आज सुबह इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इथियोपिया ग्लोबल साउथ के लिए साझा दृष्टिकोण रखते हैं। यह दृष्टिकोण एक ऐसे विश्व का है जहां ग्लोबल साउथ के देश किसी के विरुद्ध नहीं बल्कि सबके लिए खड़े हो।

000

संवैधानिक संस्थाओं के कथित दुरूपयोग को लेकर कांग्रेस ने आज जयपुर में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ओर प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के नेतृत्व ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से भाजपा में प्रदेश कार्यलय के लिए पैदल मार्च शुरू किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते मे ही रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष जूली समेत कई नेताओं ने गिरफ्तारियां भी दीं।

000

संसद ने निरस्तीकरण और संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने आज चर्चा के बाद इसे मंजूरी दे दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह विधेयक व्यापार और जीवनयापन को सुगम बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार अप्रचलित और अनुपयोगी हो चुके कानूनों को निरस्त करना जारी रखेगी। मई 2014 से अब तक कुल एक हजार 577 अप्रचलित और अनुपयोगी कानून निरस्त किए जा चुके हैं।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि प्रसार भारती ने सांस्कृतिक पहुंच को बढ़ावा देने और कार्यक्रमों के माध्यम से आय अर्जित करने के साथ–साथ अपने सार्वजनिक सेवा दायित्व को पूरा करने के लिए कंटेंट सिंडिकेशन नीति, 2025 का मसौदा तैयार किया है। लोकसभा में आज एक लिखित उत्तर में डॉ. मुरुगन ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा निर्मित कार्यक्रमों, संग्रहित राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कार्यक्रम तथा सरकारी कार्यक्रमों, त्योहारों, खेलों के लाइव प्रसारण का मौद्रिकरण करना है।

000

जोधपुर के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने आज बालोतरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 19 करोड़ रुपये से अधिक लागत से चल रहा यह काम अब अंतिम चरण में है। इस परियोजना के पूरा होने पर स्टेशन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिससे यात्रा अधिक सुगम और सुरक्षित बनेगी।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने बालोतरा–पचपदरा नई रेल लाइन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से क्षेत्र के विकास में व्यापक बदलाव आएगा।

................

इसी तरह पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने आज रेलवे के अधिकारियों के साथ चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, फुट ओवर ब्रिज सहित विभिन्न स्थानों पर साफ–सफाई का जायजा भी लिया।

000

प्रदेश में आरजीएचएस योजना में गड़बड़ी रोकने के लिए गठित एंटी फ्रॉड यूनिट की कार्रवाई में अब तक 1 हजार से अधिक फर्जी लाभार्थियों के कार्ड ब्लॉक किये गये हैं। साथ ही कई कार्मिकों को निलंबित किया गया है। योजना में अनियमितता के ताजा मामले में आज बीकानेर की एक निजी लैब को डी–पैनल और छह मेडिकल स्टोर्स सहित एक अस्पताल को निलंबित किया गया है। योजना के तहत वर्ष 2025–26 में नवम्बर तक 2 हजार 267 करोड़ रुपये के दावे स्वीकृत किए गए हैं।

000

राज्य सरकार की वर्षगांठ पर प्रदेशभर में नव उत्थान–नई पहचान, बढ़ता राजस्थान–हमारा राजस्थान कार्यक्रमों के तहत विकास प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं। बालोतरा जिला मुख्यालय पर स्कूली विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी को देखा। छात्र–छात्राओं ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, जल संरक्षण और आधुनिक कृषि पद्धतियों के मॉडल्स की जानकारी ली। सवाईमाधोपुर में प्रचार रथों के माध्यम से जनहितैषी योजनाओं का प्रसार किया जा रहा है।

000